# BIHAR BOARD CLASS – 10

## 2021

## SOCIAL SCIENCE

### प्रथम पाली (First Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट] [पूर्णांक : 80

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें। केवल 40 प्रश्नों के हो उत्तर दें।

1. भोपाल गैस आपदा थी

(A) प्राकृतिक आपदा

(B) मानव जनित आपदा

(C) सामान्य आपदा

(D) इनमें से कोई नहीं

2. निम्न में से कौन भूकम्प का सर्वाधिक खतरनाक जोन है ?

(A) जोन-2

(B) जोन-3

(C) जोन-4

(D) जोन-5

3. तटबंध के किनारे किस प्रकार की वनस्पति को सघन के रूप से लगाना चाहिए?

(A) मैंग्रोव

(B) कंटीली झाड़ियाँ

(C) शंकुधारी वृक्ष

(D) इनमें से कोई नहीं

4. सर्वाधिक खतरनाक सुखाड़ है।

(A) सामान्य सुखाड़

(B) कृषि सुखाड़

(C) मौसमी सुखाड़

(D) इनमें से कोई नहीं

5. आर्थिक विकास का गैर-आर्थिक कारक कौन है ?

(A) प्राकृतिक संसाधन

(B) वित्तीय संस्थाएँ

(C) पूँजी निर्माण

(D) मानवीय संसाधन

6. केन्द्रीय सहकारी बैंकों का गठन होता है

(A) ग्राम स्तर पर

(B) जिला स्तर पर

(C) राज्य स्तर पर

(D) राष्ट्रीय स्तर पर

7. निम्नलिखित में कौन मिश्रित अर्थव्यवस्था की विशेषता है?

(A) निजी क्षेत्र

(B) सार्वजनिक क्षेत्र

(C) आर्थिक नियोजन

(D) इनमें से सभी

8. भारत सरकार ने किस प्रकार की शिक्षा को मौलिक अधिकार घोषित कर दिया है?

(A) प्रारंभिक शिक्षा

(B) माध्यमिक शिक्षा

(C) उच्च शिक्षा

(D) तकनीकी शिक्षा

9. किस समिति की अनुशंसा पर पंचायती राज प्रणाली की शुरुआता की गई ?

(A) तेंदुलकर समिति

(B) बलवंत राय मेहता समिति

(C) वर्मा समिति

(D) राजा चलैया समिति

10. झारखण्ड राज्य का गठन कब हुआ था ?

(A) 1 नवंबर, 2000

(B) 9 नवंबर, 2000

(C) 15 नवंबर, 2000

(D) 15 नवंबर, 2001

11. 'लोकतंत्र का प्राण' किसे कहा जाता है?

(A) सरकार

(B) न्यायपालिका

(C) संविधान

(D) राजनीतिक दल

12. बोलिविया में जन संघर्ष का मुख्य कारण क्या था ?

(A) पानी की कीमत में वृद्धि

(B) खाद्यान्न की कीमत में वृद्धि

(C) पेट्रोल की कीमत में वृद्धि

(D) जीवन रक्षक दवाओं की कीमत में वृद्धि

13. दल-बदल कानून निम्नलिखित में से किस पर लागू होता है?

(A) सांसदों एवं विधायकों पर

(B) राष्ट्रपति पर

(C) उपराष्ट्रपति पर

(D) इनमें से सभी पर

14. "लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा तथा जनता के लिए शासन है।" यह कथन किसका है ?

(A) अरस्तू

(B) अब्राहम लिंकन

(C) रूसो

(D) मार्टिन लूथर

15. पंचायती राज व्यवस्था का निम्नतम स्तर क्या है ?

(A) जिला परिषद

(B) पंचायत समिति

(C) ग्राम पंचायत

(D) इनमें से कोई नहीं

16. नगरपालिका किस अनुसूची से सम्बन्धित है?

(A) 10वीं अनुसूची

(B) 11वीं अनुसूची

(C) 12वीं अनुसूची

(D) 9वीं अनुसूची

17. 'यंग इटली' की स्थापना किसने की ?

(A) बिस्मार्क

(B) मेजिनी

(C) नेपोलियन

(D) हिटलर

18. वियना कांग्रेस की अध्यक्षता किसने की ?

(A) गैरीबाल्डी

(B) काउंट काबूर

(C) विलियम - I

(D) मेटरनिख

19. भारत के लिए पहला फैक्ट्री एक्ट कब पारित हुआ ?

(A) 1838

(B) 1858

(C) 1881

(D) 1911

20. ब्रेटन वुड्स सम्मेलन किस वर्ष हुआ ?

(A) 1944

(B) 1947

(C) 1948

(D) 1952

21. किस पत्रिका ने रातों-रात वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट से बचने के लिए अपनी भाषा बदल दी ?

(A) हरिजन

(B) भारत मित्र

(C) अमृत बाजार पत्रिका

(D) हिन्दुस्तान रिव्यू

22. अंकोरवाट का मंदिर कहाँ है ?

(A) लाओस

(B) कम्बोडिया

(C) वियतनाम

(D) थाईलैण्ड

23. जलियाँवाला बाग हत्याकांड कब हुआ ?

(A) 13 अप्रैल, 1919

(B) 14 अप्रैल, 1920

(C) 15 अप्रैल, 1919

(D) 16 अप्रैल, 1920

24. 'हिन्द स्वराज' पुस्तक किसने लिखी ?

(A) सरदार वल्लभभाई पटेल

(B) सुभाष चन्द्र बोस

(C) महात्मा गाँधी

(D) पंडित जवाहरलाल नेहरू

25. हिराकुंड बाँध बना है

(A) महानदी पर

(B) गंगा पर

(C) कृष्णा पर

(D) कोसी पर

26. बिहार में रेल वर्कशाप कहाँ स्थित है ?

(A) जमालपुर

(B) भागलपुर

(C) मुंगेर

(D) पटना

27. काँटी तापीय विद्युत परियोजना किस जिला में स्थित है ?

(A) पूर्णिया

(B) सीवान

(C) मुजफ्फरपुर

(D) पूर्वी चंपारण

28. निम्न में से कौन प्राकृतिक आपदा है ?

(A) आग लगना

(B) बम विस्फोट

(C) भूकम्प

(D) रासायनिक दुर्घटनाएँ

29. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन क्या है?

(A) टेलीफोन

(B) मोबाईल

(C) वॉकी-टॉकी

(D) रेडियो

30. कोसी में बाढ़ आने का क्या कारण है ?

(A) अधिक वर्षा

(B) हिमालय की बर्फ का पिघलना

(C) नदी में गाद जमना

(D) इनमें से सभी

31. महासागर की तली में होने वाले कंपन का परिणाम है

(A) हिमस्खलन'

(B) चक्रवात

(C) सुनामी

(D) इनमें से कोई नहीं

32. किस नदी को 'बिहार का शोक' कहा जाता है ?

(A) सोन नदी

(B) कोसी नदी

(C) पुनपुन नदी

(D) गंगा नदी

33. भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून कब लागू हुआ ?

(A) 1968

(B) 1976

(C) 1984

(D) 1986

34. बिहार में जीवनयापन मुख्य साधन है

(A) कृषि

(B) उद्योग

(C) व्यापार

(D) इनमें से सभी

35. पशुपालन एवं मत्स्यपालन किस क्षेत्र के अंग हैं?

(A) प्राथमिक, क्षेत्र

(B) द्वितीयक क्षेत्र

(C) तृतीयक क्षेत्र

(D) इनमें से कोई नहीं

36. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत का मुख्य आर्थिक उद्देश्य क्या है?

(A) तीव्र आर्थिक विकास

(B) रोजगार सृजन

(C) निर्धनता उन्मूलन

(D) इनमें से सभी

37. किस शहर को भारत की वित्तीय राजधानी कहते हैं?

(A) कोलकाता

(B) दिल्ली

(C) चेन्नई

(D) मुम्बई

38. सोने के जेवरों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए किस मानक चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(A) आई. एस. आई-मार्क

(B) एगमार्क

(C) हॉल मार्क

(D) इको मार्क

39. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई ?

(A) 1990

(B) 1991

(C) 1997

(D) 1995

40. निम्न में से कौन अधात्विक खनिज है ?

(A) सोना

(B) टिन

(C) अभ्रक

(D) सोना

41. लेनिन की मृत्यु कब हुई ?

(A) 1921

(B) 1922

(C) 1923

(D) 1924

42. वियना काँग्रेस में कौन राष्ट्र सम्मिलित नहीं था ?

(A) ब्रिटेन

(B) रूस

(C) फ्रांस

(D) जर्मनी

43. संयुक्त वियतनाम का गठन किस वर्ष हुआ ?

(A) 1954

(B) 1968

(C) 1974

(D) 1975

44. आर्य समाज की स्थापना किसने की ?

(A) राधाकांत ने

(B) रामकृष्ण परमहंस ने

(C) विवेकानंद ने

(D) दयानंद सरस्वती ने

45. पहला वाष्प इंजन का किसने आविष्कार किया ?

(A) टॉमस न्यूकॉमेन ने

(B) जेम्स वाट ने

(C) जॉर्ज स्टीफेंसन ने

(D) क्रॉम्पटन ने

46. बाल गंगाधर तिलक ने 'मराठा' पत्रिका का प्रकाशन किस भाषा में किया ?

(A) हिन्दी में

(B) मराठी में

(C) अंग्रेजी में

(D) गुजराती में

47. निम्न में से सबसे अधिक कठोर खनिज कौन है ?

(A) लोहा

(B) मँगनीज

(C) हीरा

(D) सोना

48. रबर की खेती भारत के किस राज्य में की जाती है ?

(A) केरल

(B) गुजरात

(C) आंध्र प्रदेश

(D) छत्तीसगढ़

49. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान' कहाँ स्थित है ?

(A) कर्नाटक

(B) केरल

(C) मध्य प्रदेश

(D) उत्तर प्रदेश

50. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है।

(A) कबूतर

(B) हंस

(C) मयूर

(D) तोता

51. निम्न में से किसका प्रयोग ताप शक्ति संयंत्रों में तोपीय विद्युत का उत्पादन करने के लिए किया जाता है?

(A) कोयला

(B) पेट्रोलियम

(C) प्राकृतिक गैस

(D) इनमें से सभी

52. दक्षिण भारत की नदी घाटी परियोजना है

(A) तुंगभद्रा परियोजना

(B) हीराकुंड परियोजना

(C) कोसी परियोजना

(D) रिहन्द परियोजना

53. बिहार में ताप विद्युत केन्द्र कहाँ है?

(A) गया

(B) बरौनी

(C) समस्तीपुर

(D) कटिहार

54. जूट उत्पादन में कौन-सा देश विश्व में अग्रणी है ?

(A) बांग्लादेश

(B) चीन

(C) भारत

(D) श्रीलंका

55. अंगोरा ऊन का स्रोत क्या है?

(A) भेड़

(B) बकरी

(C) खरगोश

(D) इनमें से कोई नहीं

56. नागार्जुन सागर परियोजना किस नदी पर बनी है ?

(A) सतलज

(B) कृष्णा

(C) नर्मदा

(D) रिहन्द

57. समाजवादी पार्टी का गठन कब हुआ था?

(A) 1990

(B) 1991

(C) 1992

(D) 1994

58. 'अर्थशास्त्र' पुस्तक किसने लिखी ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) कौटिल्य

(C) एडम स्मिथ

(D) रवींद्रनाथ टैगोर

59. बेल्जियम में सामाजिक विभाजन का आधार क्या है ?

(A) जाति

(B) भाषा

(C) शिक्षा

(D) इनमें से कोई नहीं

60. भारत की प्रमुख सामाजिक समस्या क्या है ?

(A) जातिवाद

(B) भाषावाद

(C) संप्रदायवाद

(D) इनमें से सभी

61. राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम किस वर्ष अस्तित्व में आया ?

(A) 1951

(B) 1961

(C) 1981

(D) 1990

62. बिहार का प्रसिद्ध पर्व है

(A) दुर्गापूजा

(B) छठ

(C) दीवाली

(D) इनमें से सभी

63. बिहार में कौन जिला केला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) भागलपुर

(B) हाजीपुर

(C) मुंगेर

(D) नवादा

64. निम्न में से कौन नदी बिहार से होकर नहीं बहती है ?

(A) गंगा

(B) कोसी

(C) गोमती

(D) गंडक

65. असहयोग आंदोलन कब शुरू हुआ ?

(A) 1919

(B) 1920

(C) 1930

(D) 1942

66. किस देश ने 'न्यू डील' नीति लागू की ?

(A) ब्रिटेन

(B) अमेरिका

(C) भारत

(D) जर्मनी

67. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कब पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की?

(A) 26 जनवरी, 1929

(B) 26 जनवरी, 1931

(C) 15 अगस्त, 1930

(D) 26 जनवरी, 1930

68. निम्न में से किस क्षेत्र को प्राथमिक क्षेत्र कहते हैं?

(A) औद्योगिक क्षेत्र

(B) सेवा क्षेत्र

(C) कृषि क्षेत्र

(D) विनिर्माण क्षेत्र

69. भारत में नए आर्थिक सुधारों का प्रारंभ किया गया

(A) 1960 में

(B) 1980 में

(C) 1991 में

(D) 2000 में

70. किस अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर निजी व्यक्तियों या संस्थाओं का अधिकार होता है?

(A) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(B) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(C) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(D) इनमें से कोई नहीं

71. विनिमय का सर्वोच्च माध्यम क्या है?

(A) वस्तु

(B) चेक

(C) मुद्रा

(D) प्रतिज्ञा पत्र

72. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई?

(A) 1969

(B) 1970

(C) 1972

(D) 1975

73. अल्युमिनियम उद्योग में किस खनिज का उपयोग होता है?

(A) मैंगनीज

(B) टिन

(C) लोहा

(D) बॉक्साइट

74. भारत में किस राज्य में खनिज तेल का सर्वाधिक भंडार है?

(A) असम

(B) राजस्थान

(C) बिहार

(D) तमिलनाडु

75. कौन-सा ऊर्जा स्रोत अनवीकरणीय है ?

(A) जल

(B) सौर ऊर्जा

(C) कोयला

(D) पवन ऊर्जा

76. इन्नौर पत्तन स्थित है

(A) गुजरात में

(B) गोवा में

(C) तमिलनाडु में

(D) कर्नाटक

77. किस नगर को भारत की सिलिकॉन वैली के नाम से जाना जाता है?

(A) बेंगलुरु

(B) हैदराबाद

(C) कोलकाता

(D) मुम्बई

78. पेरियार राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है ?

(A) कर्नाटक

(B) तमिलनाडु

(C) पश्चिम बंगाल

(D) केरल

79. निम्न राज्यों में से किसमें वन का सबसे अधिक विस्तार है ?

(A) केरल

(B) कर्नाटक

(C) मध्य प्रदेश

(D) उत्तर प्रदेश

80. टेक्सोल का उपयोग होता है

(A) मलेरिया में

(B) एड्स में

(C) कैंसर में

(D) टी०बी० में

## खण्ड - ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

## इतिहास / History

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

1. इंग्लैण्ड की औद्योगिक क्रांति के कोई दो कारण बताइए ।
2. इटली और जर्मनी के एकीकरण में आस्ट्रिया की भूमिका क्या थी?
3. चम्पारण सत्याग्रह का संक्षिप्त विवरण दें।
4. बहुराष्ट्रीय कंपनी क्या है?
5. लार्ड लिटन ने राष्ट्रीय आन्दोलन को गतिमान बनाया। कैसे ?
6. 'होआहाओ' आन्दोलन की विवेचना संक्षेप में करें।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 7 और 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

7. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गाँधी के योगदानों की विवेचना कीजिए।
8. यूरोपियन समाजवादियों के विचारों का वर्णन करें।

## राजनीति विज्ञान / Political Science

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

9. सत्ता में साझेदारी के अलग-अलग तरीके क्या हैं?

10. शिक्षा का अभाव लोकतंत्र के लिए किस प्रकार एक चुनौती है ?

11. संघीय शासन की दो विशेषताएँ बताइए।

12. नगर निगम के किन्हीं चार कार्यों के विषय में बताइए ।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 13 और 14 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

13 भारत के संदर्भ में जीवन के विभिन्न पहलुओं में महिलाओं की स्थिति की विवेचना कीजिए।

14. लोकतंत्र किस प्रकार आर्थिक संवृद्धि एवं विकास में सहायक बनता है?

## अर्थशास्त्र / Economics

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

15. आधारिक संरचना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

16. प्रति व्यक्ति आय से आप क्या समझते हैं ?

17. उदारीकरण को परिभाषित करें।

18. आय का गरीबी के साथ संबंध स्थापित करें।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 19 और 20 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

19. वैश्वीकरण ने बिहार की अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित किया।

20. बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के क्या कारण हैं?

## भूगोल / Geography

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

21. नवीकरणीय संसाधनों के कोई दो उदाहरण दें।

22. जैव और अजैव संसाधनों से आप क्या समझते हैं?

23. वन संरक्षण के कोई दो कारगर उपाय बताएँ।

24. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ?

25. जल संसाधन के क्या उपयोग हैं?

26. बिहार में पाए जाने वाले प्रमुख खनिजों के नाम बताइए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 27 और 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के. लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

27. बिहार के कृषि आधारित किसी एक उद्योग के विकास एवं वितरण की विवेचना कीजिए।

28. जल संरक्षण के उपायों का विवरण दीजिए।

## आपदा प्रबंधन / Disaster Management

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न- संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

29. भूकम्प के केन्द्र और अधिकेन्द्र से आप क्या समझते हैं?
30. सुखाड़ के प्रभाव को कम करने के क्या उपाय हैं?
31. आकस्मिक प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की क्या भूमिका है?
32. बाढ़ को नियंत्रित करने के उपाय बताइए।